


नेशनल क्रश माना जाता है

नेशनल क्रशश से मशहूर भारतीय ओपनर स्मृति ने भारत की ओर से अब तक 59 वनडे और 78 टी20 मैच खेले हैं। मंधाना ने वनडे में 2253 वहीं टी20 में 1782 रन बनाए हैं। उनके नाम वनडे में 4 शतक और 18 अर्धशतक शामिल है वहीं टी20 में 12 अर्धशतक लगाए हैं। 3 टेस्ट मैचों में मंधाना ने 167 रन जुटाए हैं।

## लव या अरेंज मैरिज? जानिए टीम इंडिया की सलामी बल्लेबाज का जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला सीमित ओवर्स क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे में 49 रन की शानदार पारी खेली थी। भारत ने तीसरे वनडे को 4 विकेट से जीतकर सीरीज का अंत किया था। इस मैच में मंधाना ने अपनी शानदार फील्डिंग के लिए भी खूब वाहवाही बटोरी थी। मंधाना ने बाउंड्री के नजदीक नेट सिवर का मिड विकेट एरिया में हवा में डाइव लगाते हुए कैच पकड़ा था जिसे सोशल मीडिया पर फैंस ने खूब सराहा। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना को कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर फैंस उनकी बॉलिवुड ऐक्ट्रेस से कर रहे थे। अब मंधाना का एक पुराना ट्वीट वायरल हो रहा है जिसमें एक फैंस ने उनसे पूछा था कि आप किस प्रकार की शादी करना पसंद करेंगी। लव या अरेंज? इस पर मंधाना ने हंसते हुए इमोजी पोस्ट करते हुए जवाब दिया था, लव अरेंज। ऐसे में मंधाना ने संकेत दिया था कि वह लव मैरिज करना चाहती हैं जिसमें फैमिली की भी रजामंदी हो।

# धवन को भी टी20 विश्व कप टीम में जगह के लिए करना होगा अच्छा प्रदर्शन

**क्रिकेट**

## शिखर को टीम इंडिया में लगातार अच्छे प्रदर्शन करने का इनाम मिला: लक्ष्मण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। पूर्व टेस्ट दिग्गज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि श्रीलंका में होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए कप्तान नियुक्त किए गए शिखर धवन को भारतीय टी20 विश्व कप टीम में सलामी बल्लेबाज के विकल्प के तौर पर जगह बनाने के लिए अपनी काबिलियत की परीक्षा देनी होगी।

धवन भारत की एकदिवसीय टीम के नियमित सदस्य है लेकिन टी20 की राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ता है। इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले दो सीजन में शानदार प्रदर्शन के दम पर वह हालांकि रोहित शर्मा और लोकेश राहुल के बाद तीसरे विकल्प के तौर पर उभरे हैं।

लक्ष्मण ने 'स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम 'गेम प्लान' में कहा, 'टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए




शिखर धवन (ऑपींत बूंद) की सोच बिल्कुल साफ होगी कि उन्हें इस मौके का फायदा उठाना है। टीम में जगह बनाने के लिए बहुत कड़ा मुकाबला है।'

उन्होंने कहा, 'वह भारतीय टीम के कप्तान होने पर उत्साहित होंगे और किसी को भी अपने देश का नेतृत्व करने पर गर्व होगा। उनका ध्यान हालांकि रन बनाने और अपने स्थान को सुरक्षित करने पर होगा।'

भारत के नियमित कप्तान विराट कोहली भी IPL में RCB के लिए पारी का आगाज करने लगे हैं, ऐसे में धवन के लिए सबसे छोटे फॉर्मेट की टीम में जगह बनाना और मुश्किल हो जाएगा।

लक्ष्मण ने कहा, 'टीम में रोहित शर्मा और केएल राहुल स्थापित सलामी बल्लेबाज हैं। विराट कोहली ने साफ तौर पर कहा कि वह टी20 प्रारूप में पारी का आगाज करना चाहते हैं। ऐसे में शिखर धवन को रन बनाने ही होंगे।' धवन पहली बार राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करेंगे और लक्ष्मण का मनाना है कि इस खिलाड़ी को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा, 'उन्हें (धवन) भारतीय टीम के लिए, खासकर सीमित ओवरों के प्रारूप में लगातार बेहतर प्रदर्शन का इनाम दिया जा रहा हैं। अब शिखर धवन को अपनी सोच एकदम साफ रखनी होगी कि उनको इस मौके का पूरा फायदा उठाना है खासकर टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए क्योंकि इस वक्त तो वहीं बहुत ही ज्यादा कड़ी प्रतिस्पर्धा चल रही है।

# आईपीएल को लेकर बीसीसीआई करेगा बड़े फैसला, खाका तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर के लिए ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। दो नई फ्रैंचाइजी, खिलाड़ियों को रखना, एक मेगा ऑक्शन,सेलरी पर्स में बढ़ोतरी, मीडिया अधिकार के लिए नया टेंडर निकालना– कुछ ऐसे काम हैं जो अगस्त 2021 से जनवरी 2022 के बीच किए जाने हैं।

**दो नई टीमों का आना तय**

क्रिकेट बोर्ड ने आखिरकार दो नए फ्रैंचाइजी शामिल करने का पक्का मन बना लिया है। इसके टेंडर अगस्त के मध्य में निकाले जाएंगे और जरूरी जांच के बाद अक्टूबर के मध्य में नीलामी की जाएगी। इस समय यूएई में आईपीएल का दूसरा चरण चल

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड लाएगा आईपीएल में दो नई टीमें

रहा होगा।

**अडानी-गोयनका है दौड़ में**

कोलकाता के आरपी–संजीव गोयनका ग्रुप, अडानी ग्रुप जिसका हेडक्वॉर्टर अहमदाबाद में है, हैदराबाद के ऑरबिंदो फॉर्मा लिमिटेड और गुजरात से ऑपरेट होने वाले टॉरेंट ग्रुप, नए फ्रैंचाइजी के लिए दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इसके अलावा कई अन्य कंपनियां भी मामले पर करीब से नजर बनाए हुए हैं।

**सैलरी पर्स में इजाफा:** बीसीसीआई इसके लिए सैलरी पर्स को 85 करोड़ से बढ़ाकर 90 करोड़ रुपये करने जा रहा है। इसका अर्थ होगा कि सभी (10 फ्रैंचाइजी) के पर्स में कुल 50 करोड़ रुपये अधिक आएंगे। फ्रैंचाइजी के लिए पर्स का कम से कम 75 फीसदी खर्च करना जरूरी होगा। अगले तीन साल में पर्स को 90 करोड़ से 95 करोड़ तक पहुंचाया जाएगा और उसके बाद 2024 में यह 100 करोड़ रुपये होगा।

**रीटेन खिलाड़ियों को लेकर भी नियम:** खिलाड़ियों को रीटेन करने की रणनीति भी फाइनल हो गई है। हर फ्रैंचाइजी को चार खिलाड़ी रीटेन करने का अधिकार होगा। हालांकि इसके लिए कुछ शर्तें होंगी– वे या तो तीन भारतीय और एक विदेशी खिलाड़ी को रीटेन कर पाएंगी या फिर दो भारतीय और दो विदेशी खिलाड़ियों को। मौजूदा ढांचे में सैलरी में कटौती का मसौदा भी तैयार है।

## अब भी रन बनाने की भूख 22 साल पहले जैसी है: मिताली राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वार्सेस्टर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने कहा कि उनकी रन बनाने की भूख अब भी वैसी ही है जैसे 22 साल पहले हुआ करती थी और वह अगले साल न्यूजीलैंड में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी बल्लेबाजी को नए मुकाम पर ले जाने की कोशिश कर रही हैं। मिताली की 89 गेंदों पर नाबाद 75 रन की पारी से भारत ने तीसरे और अंतिम वनडे में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया। इस पारी के दौरान मिताली महिला क्रिकेट में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाली बल्लेबाज भी बनीं। मिताली के अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अब 10,337 रन हो गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड की पूर्व कप्तान चार्लोट एडवर्ड्स (10,273) को पीछे छोड़ा। महिला क्रिकेट में केवल इन्हीं दो खिलाड़ियों ने 10,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं। साथ ही मिताली महिला क्रिकेट में सर्वाधिक वनडे मैच जीतने वाली कप्तान भी बन गई। उन्होंने बेलिंडा क्लार्क का रिकार्ड तोड़ा, जिनकी कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने 83 वनडे जीते थे।

## न्यूज डायरी




## राहुल द्रविड़ के साथ खेलने का अलग ही मजा है– पृथ्वी साव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पृथ्वी साव ने काफी वक्त राहुल द्रविड़ की कोचिंग में बिताया है। अंडर–19 से लेकर इंडिया–ए तक, मुंबई का यह बल्लेबाज द्रविड़ की शागिर्दगी में रहा है। साव का कहना है कि इस महान बल्लेबाज की कोचिंग में खेलने का अपना अलग ही मजा है। भारतीय टीम श्रीलंका में तीन वनडे इंटरनैशनल और तीन टी20 खेलेगी। साव जबर्दस्त फॉर्म में हैं। उन्होंने आईपीएल में खूब रन बनाए। इसके साथ ही घरेलू 50 ओवर टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में भी उन्होंने कमाल कर दिया। माना जा रहा है कि साव कप्तान शिखर धवन के साथ पारी की शुरुआत कर सकते हैं। साव ने सोमवार को कहा, राहुल सर की कोचिंग में खेलने का अलग ही मजा है। वह हमारे अंडर–19 कोच थे। जिस प्रकार वह बात करते हैं और कोचिंग का अनुभव हमसे बांटते है वह काबिले–तारीफ हैं। जब भी वह खेल के बारे में बात करते है तब हमें उनके अनुभव का अहसास होता है।

## मैरिज एनिवर्सरी पर पत्नी साक्षी को दिया ये शानदार गिफ्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी ने पत्नी साक्षी के साथ अपने वैवाहिक जीवन के 11 साल पूरे किए हैं। इसी मौके पर एमएस धौनी ने अपनी पत्नी साक्षी को शानदार गिफ्ट दिया है। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान धौनी ने साल 2010 में देहरादून में एक समारोह में साक्षी से शादी की थी। अब विकेटकीपर–बल्लेबाज ने इस अवसर को मनाने के लिए एक बहुत ही खास उपहार पत्नी को दिया है, जिसकी जानकारी खुद साक्षी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। भले ही धौनी पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का उपयोग करने से बचते हैं, लेकिन पत्नी साक्षी अक्सर प्रशंसकों को महान क्रिकेटर की एक झलक देने के लिए अपने रांची के फार्महाउस से तस्वीरें और वीडियो अपलोड करती रहती हैं। साक्षी की सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

## दिल्ली के ऑलराउंडर सुबोध भाटी ने चौकों और छक्कों की बरसात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली , वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज क्रिस गेल और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स जैसे खिलाड़ी टी20 में जो काम नहीं कर पाए उसे दिल्ली के क्रिकेटर ने कर दिखाया है। दिल्ली की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले सुबोध भाटी ने टी20 क्रिकेट में डबल सेंचुरी ठोक डाला है। सुबोध ने 79 गेंदों पर 17 छक्कों और 17 चौकों की मदद से नाबाद 205 रन की पारी खेली। उन्होंने 34 गेंदों में 170 रन सिर्फ चौकों और छक्कों से बटोरे। 30 वर्षीय सुबोध ने यह उपलब्धि क्लब क्रिकेट में दिल्ली इलेवन के लिए खेलते हुए सिंबा के खिलाफ हासिल की। सुबोध की इस विध्वंसक पारी के दम पर दिल्ली इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 256 रन बनाए। सुबोध ने 259.49 के स्ट्राइक रेट से रन बटोरे।

## कोहली को रिप्लेस करने के लिए सबसे तगड़ा दावेदार कौन है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली इस साल के अंत में अपने चौथे आइसीसी इवेंट में टीम इंडिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं क्योंकि मैन इन ब्लू टी20 विश्व कप 2021 में भाग लेने जा रही है। विराट ने अब तक तीन टी20 विश्व कप खेले हैं लेकिन उन्होंने अब तक क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में वर्ल्ड कप में भारत का नेतृत्व नहीं किया है। कोहली का आसीसी इवेंट में प्रभावशाली रिकॉर्ड है क्योंकि भारत ने उनके नेतृत्व में 2 फाइनल खेले हैं। हालांकि आइसीसी के इस आयोजन के परिणाम का कोहली की कप्तानी पर असर पड़ने की उम्मीद नहीं है, लेकिन भारत के पूर्व विकेटकीपर–बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने कहा है कि अगर इस टी20 वर्ल्ड कप 2021 में कुछ गलत होता है तो रोहित शर्मा नियमित कप्तान की जगह लेने के प्रबल दावेदार होंगे।